नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह

## सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के प्रतीक – प्रो. मनोज कुमार

वर्धा, 1 नवंबर 2018: देश को एक सूत्र में बांधने में सरदार वल्लभभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




वे राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने व्यक्त किये। वे विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में 'वर्तमान संदर्भ में सरदार पटेल के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। गालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। समारोह में मंच पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा तथा कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में एकता दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार दूजा शाह को, द्वितीय पुरस्कार प्रीति राना को तथा तृतीय पुरस्कार अतुल खेस को दिया गया। इस अवसर पर सेवाग्राम कार्यांजलि उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यक्रमों के प्रमाण पत्र भी अतिथियों के द्वारा प्रदान किये गये।

प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि पटेल का व्यक्तित्व जाति या धर्म से परे था। महात्मा गांधी के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध थे। उन्होंने देश की आंतरिक शांति के लिए प्रयास किये तथा देश को एकता और अखंडता के सूत्र में बांध कर रखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की छोटी-छोटी रियासतों को एक कर चुनौतीभरा कार्य किया। देश का प्रशासनिक ढॉंचा बनाने उनका महति योगदान रहा है। उन्होंने देश के प्रति स्वयं को समर्पित कर देश की चिंता को अग्रक्रम में रखा था। इस

अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने पटेल के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का



आभार ज्ञापन कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने किया तथा संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया। कार्यक्रम में अध्यापक, अधिकारी, कर्मी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती कार्यक्रम

## सरदार पटेल राष्ट्रीय एकतेचे प्रतीक – प्रो. मनोज कुमार

वर्धा, 1 नोव्हेंबर 2018: देशाला एक सूत्रात बांधण्यात सरदार वल्लभभाई पटेल यांचे महत्वाचे योगदान राहिले आहे. ते राष्ट्रीय एकतेचे प्रतीक आहेत. असे उदगार महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्राचे निदेशक प्रो. मनोज कुमार यांनी काढले. ते सरदार वल्लभभाई पटेल जयंतीनिमित्त 'वर्तमान संदर्भात सरदार पटेल यांच्या विचारांची प्रासंगिकता' या विषयावर आयोजित व्याख्यानात मुख्य वक्ता म्हणून बोलत होते. गालिब सभागृहात कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली आयोजित कार्यक्रमात प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा व कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह मंचावर उपस्थित होते. यावेळी एकता दिनानिमित्त आयोजित पोस्टर स्पर्धेचे प्रमाण पत्र प्रदान करण्यात आले. प्रथम पुरस्कार दूजा शाह यांना, द्वितीय प्रीति राना हिला तर तृतीय पुरस्कार अतुल खेस यांना देण्यात आला.

अध्यक्षीय भाषणात प्रो. गिरीश्वर मिश्र म्हणाले की सरदार पटेल यांनी देशातील लहान-सहान संस्थानांना एकत्र करण्याचे आव्हानात्मक काम केले. देशाची प्रशासकीय संरचना तयार करण्यात त्यांनी मोलाचे योगदान दिले. यावेळी प्रो. आनंद वर्धन शर्मा यांनीही पटेल यांच्या जीवन व कार्यांवर प्रकाश टाकला. कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह यांनी आभार मानले तर संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे यांनी केले. कार्यक्रमाला अध्यापक, अधिकारी आणि विद्यार्थी मोठया संख्येने हजर होते.

---

*मा. संपादक/संवाददाता*

*महोदय, कृपया संलग्न समाचार प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।*

*धन्यवाद।*